# SEMESTER 1 EXAMINATION

## HINDI

## (SECOND LANGUAGE)

*Maximum Marks: 40*

*Time allowed: One and a half hours*

*You will not be allowed to write during the first 10 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

*SECTION A is compulsory.*

*In SECTION B questions from any two books that you have studied to be answered.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

***Select the correct option for each of the following questions.***

**SECTION A (20 Marks)**

**Question 1**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

थामस अल्वा एडिसन एक महान आविष्कारक थे। आज भी पूरी दुनिया इनके आविष्कारों का लोहा मानती है। अल्बर्ट आइंस्टीन जैसे चोटी के वैज्ञानिक भी इनके बहुत बड़े प्रशंसक थे। एडिसन बचपन में ही बहरे हो गये थे, लेकिन इस कमी का उन्हें कभी एहसास नहीं हुआ। उल्टे इसे उन्होंने वरदान ही माना। जीवनभर वह अनुसंधान करते रहे। बिजली का बल्ब, ग्रामोफोन, वोट रिकॉर्डर, चलचित्र कैमरा जैसे 2,500 आविष्कारों से उन्होंने मानव को सुख-समृद्धि प्रदान की।

पोर्टहरन से डेट्रायट तक रेलगाड़ी के डिब्बे में सब्जी बेचने, अखबार निकालने से लेकर टेलीग्राफ ऑपरेटर के रूप में अपनी जीवन-यात्रा शुरू करने वाले एडिसन दुनिया भर में अपने आविष्कारों के लिए चर्चित हुए। उनका कहना था कि- "बहरेपन ने मुझे गपशप के आनन्द से वंचित कर दिया पर इसकी मुझे खुशी ही है। रात को जिस होटल में मैं खाना खाने जाता, वहाँ जब दूसरे लोग गपशप में लगे होते, मैं अपनी समस्याओं के बारे में सोचता रहता। यदि मैंने भी वे सब फिजूल की बातें और आवाजें सुनी होती जो सामान्य आदमियों को सुननी पड़ती हैं तो शायद आज मुझमें इतना मनोबल न होता।" इस तरह से एडिसन ने बहरेपन के अभिशाप को वरदान में परिवर्तित कर दिखाया।

(i) बचपन से ही एडिसन को किस समस्या का सामना करना पड़ा था? [1]

(a) बहरेपन की समस्या का।

(b) गूंगेपन की समस्या का ।

(c) लंगड़ेपन की समस्या का ।

(d) अंधेपन की समस्या का ।

**Answer:** ______________



Scanned by CamScanner

(ii) कौनसे एक जाने-माने वैज्ञानिक थामस अल्वा एडिसन के बहुत बड़े प्रशंसक थे? [1]

(a) न्यूटन

(b) अल्बर्ट आइन्स्टीन

(c) मारकोनी

(d) चार्ल्स डार्विन

**Answer:** ________________

(iii) निम्न में से कौनसा आविष्कार एडिसन के द्वारा नहीं किया गया था? [1]

(a) बिजली का बल्ब

(b) चलचित्र कैमरा

(c) ग्रामोफोन

(d) टेलिफोन

**Answer:** ________________

(iv) एडिसन के जीवन के शुरुआती दौर में कौन सा कार्य उनके द्वारा किया गया था? [1]

(a) दूध बेचने का कार्य।

(b) गाड़ी चलाने का कार्य।

(c) सब्जी बेचने का कार्य।

(d) बागवानी का कार्य।

**Answer:** ________________

(v) एडिसन दुनिया भर मे क्यों चर्चित हुए? [1]

(a) लेखन प्रतिभा के कारण।

(b) रेलगाड़ी के डिब्बे बनाने के कारण।

(c) अपने आविष्कार के कारण।

(d) अखबार निकालने के कारण।

**Answer:** ________________

(vi) एडिसन को किस बात की खुशी होती थी? [1]

(a) धन कमाने की खुशी।

(b) नाम कमाने की खुशी।

(c) गपशप के आनंद से वंचित होने की खुशी।

(d) घूमने-फिरने के आनंद से वंचित होने की खुशी।

**Answer:** ________________



Scanned by CamScanner

(vii) जब होटल में खाना खाते समय लोग बातों में लगे रहते थे तब एडिसन क्या किया करते थे? [1]

(a) क्रोधित हो जाया करते थे।

(b) अखबार पढ़ा करते थे।

(c) कविताएँ लिखा करते थे।

(d) अपनी समस्याओं के बारे में सोचा करते थे।

**Answer:** ________________

(viii) एडिसन के कार्यों से सम्पूर्ण मानव-जाति को क्या प्राप्त हुआ? [1]

(a) धन-दौलत

(b) सुख-समृद्धि

(c) शांति और सहयोग

(d) आचार-विचार की शुद्धता

**Answer:** ________________

(ix) 'एडिसन जीवनभर अनुसंधान करते रहे।' - इस कथन के माध्यम से उनकी कौन सी विशेषताएँ स्पष्ट होती हैं? [1]

(a) मेहनत और लक्ष्य के लिए समर्पण ।

(b) सादगी और चतुराई।

(c) परोपकार और अहिंसा।

(d) सहनशक्ति और ईश्वर भक्ति।

**Answer:** ________________

(x) किस शक्ति के बल पर एडिसन ने अपनी एक शारीरिक कमी के अभिशाप को वरदान में बदल कर दिखा दिया था? [1]

(a) धनबल

(b) भुजबल

(c) मनोबल

(d) तपबल

**Answer:** ________________



Scanned by CamScanner

**Question 2**

विलोम शब्द

(i) 'अपव्ययी'शब्द का विलोम बताइए: [1]

(a) अव्ययी

(b) व्ययी

(c) मितव्ययी

(d) कुव्ययी

**Answer:** ________________

(ii) 'उत्तम' शब्द का पर्यायवाची शब्द बताइए: [1]

(a) अच्छा

(b) उचित

(c) श्रेष्ठ

(d) उपयुक्त

**Answer:** ________________

(iii) 'पत्थर' शब्द का विशेषण शब्द बताइए: [1]

(a) पथरीला

(b) पत्थरी

(c) पत्थरीला

(d) पथरेला

**Answer:** ________________

(iv) 'मधुर' शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए: [1]

(a) मीठा

(b) मिठास

(c) मधुबन

(d) मधुरता

**Answer:** ________________

(v) 'उपलब्धी' शब्द का शुद्ध रूप बताइए : [1]

(a) उपालब्धी

(b) उपलब्धि

(c) उप्लब्धि

(d) उप्लब्धी

**Answer:** ________________



Scanned by CamScanner

(vi) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ बताइए: [1]

"ईद का चाँद होना"

(a) बहुत सुन्दर होना

(b) गायब हो जाना

(c) बहुत बडा होना

(d) बहुत दिनों बाद दिखना

**Answer:** ________________

(vii) 'पन्द्रह दिन में एक बार होने वाला' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है : [1]

(a) निष्पक्ष

(b) पक्षपाती

(c) पाक्षिक

(d) पक्षधर

**Answer:** ________________

(viii) 'बालिका' का बहुवचन रूप है: [1]

(a) बालिका

(b) बालिकागण

(c) बालाएँ

(d) बालिकाएँ

**Answer:** ________________

(ix) माँ ने खाना बनाया (नहीं शब्द का प्रयोग करें लेकिन अर्थ न बदले): [1]

(a) माँ ने खाना नहीं बनाया

(b) क्या, माँ ने खाना नहीं बनाया?

(c) माँ ने खाना बनाने से इंकार नहीं किया

(d) नहीं, माँ खाना बनाएगी

**Answer:** ________________

(x) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन करें। [1]

'भारत ने नया उपग्रह छोड़ा ।' ('द्वारा ' शब्द का प्रयोग करें ।) :

(a) भारत द्वारा उपग्रह छोड़ा है।

(b) भारत द्वारा नया उपग्रह छोड़ा गया।

(c) भारत द्वारा नया उपग्रह छोड़ा जायेगा।

(d) जो उपग्रह छोड़ा गया वह भारत द्वारा ही भेजा गया है ।

**Answer:** ________________



Scanned by CamScanner

## SECTION B (20 marks)

*(Answer all questions from any of the two books that you have studied.)*

### साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ

**(Sahitya Sagar- Short Stories)**

**Question 3**

(i) 'यह इंसाफ नहीं अंधेर है। सिर्फ एक अठन्नी की ही तो बात थी।' इस कथन का वक्ता कौन है? [1]

(a) दासी

(b) बाबू जगतसिंह

(c) रसीला

(d) रमजान

**Answer:** ________________

(ii) 'हुजूर मेरा पहला अपराध है । एक बार माफ कर दीजिए।' - कथन के वक्ता और श्रोता कौन हैं? [1]

(a) रमजान (वक्ता) और इंजीनियर बाबू (श्रोता)

(b) रसीला(वक्ता) और इंजीनियर बाबू (श्रोता)

(c) रसीला(वक्ता) और शेख सलीमुद्दीन(श्रोता)

(d) रसीला(वक्ता) और पुलिस वाला(श्रोता)

**Answer:** ________________

(iii) भोला सकपका कर एक ही डाँट में ___________ हो गया। 'काकी' नामक कहानी के आधार पर रिक्त स्थान में उचित शब्द चुनें । [1]

(a) हतबुद्धि

(b) मुखबिर

(c) बेहोश

(d) सचेत

**Answer:** ________________

(iv) 'काकी' कहानी का प्रमुख संदेश क्या है? [1]

(a) एक बच्चे के खेलने के शौक को समझना।

(b) एक बच्चे के पतंग उड़ाने के जोश को समझना।

(c) एक बच्चे के माँ के खोने के दर्द को समझना।

(d) एक बच्चे की पढ़ाई न करने की आदत को समझना।

**Answer:** ________________



Scanned by CamScanner

(v) 'मैंने तो बरसों से कोई यज्ञ नहीं किया। मेरी स्थिति ही ऐसी नहीं थी।' - यहाँ सेठ जी अपनी किस स्थिति की बात कर रहे हैं? [1]

(a) अपनी बीमारी की

(b) अपनी गरीबी की

(c) अपने शौक की

(d) अपनी दुकान की

**Answer:** ________________

(vi) धन्ना सेठ की पत्नी के पास कौन सी शक्ति थी? [1]

(a) देवी शक्ति

(b) दानवी शक्ति

(c) तांत्रिक शक्ति

(d) दैवी शक्ति

**Answer:** ________________

(vii) सेठ का स्वभाव कैसा था? [1]

(a) विनयशील और अनुदार

(b) कर्तव्यपरायण और क्रोधी

(c) लोभी और कृपण

(d) विनम्र और उदार

**Answer:** ________________

(viii) 'नेताजी का चश्मा' नामक पाठ में हालदार साहब को पान वाले की कौन सी बात अच्छी नहीं लगी थी? [1]

(a) पान वाले का बहुत बोलना

(b) पान वाले का अधिक पान खाना

(c) एक देशभक्त का मजाक उड़ाना

(d) पान वाले का अपनी ही दुकान के नीचे पान थूकना

**Answer:** ________________

(ix) जिस कस्बे से हालदार साहब गुज़रते थे वह कैसा था? [1]

(a) कस्बा बहुत बड़ा नहीं था।

(b) उद्योग धंधों से युक्त था।

(c) अत्यधिक विकसित था।

(d) बहुत बड़ा था।

**Answer:** ________________



Scanned by CamScanner

(x) 'नेता जी का चश्मा' कहानी के अंत में हालदार साहब ने नेता जी की मूर्ति पर कैसा चश्मा देखा? [1]

(a) सुनहरे फ्रेम वाला चश्मा

(b) पतले तार वाला गोल चश्मा

(c) सरकंडे से बना छोटा सा चश्मा

(d) काले रंग का चौड़े फ्रेम वाला चश्मा

**Answer:** ______________

## साहित्य सागर - पद्य भाग

**(Sahitya Sagar-Poem)**

**Question 4**

(i) कबीरदास जी के गुरु का नाम क्या था? [1]

(a) रामानंद

(b) सदानंद

(c) शिवानंद

(d) नरहरिदास

**Answer:** ______________

(ii) कबीरदास जी के दोहे में 'सांकरी' शब्द का अर्थ क्या है? [1]

(a) तंग

(b) संकल

(c) संकल्प

(d) चौड़ा

**Answer:** ______________

(iii) गिरिधर कवि ने किन्हें अपनी कविता का विषय बनाया? [1]

(a) नीति, वैराग्य और अध्यात्म को

(b) श्रृंगार एवं वात्सल्य को

(c) ईश्वर के निराकार रूप को

(d) भारत के गरिमापूर्ण अतीत को

**Answer:** ______________



Scanned by CamScanner

(iv) 'कह गिरिधर कविराय, जगत यही लेखा भाई। करता बेगरजी प्रीति, यार बिरला कोई साँई।' - इस दुनिया में कैसे लोग आसानी से नहीं मिलते? [1]

(a) निःस्वार्थ भाव से प्यार करने वाले

(b) बड़ों का सम्मान करने वाले

(c) बुजुर्गों की परवाह करने वाले

(d) देश के लिए बलिदान करने वाले

**Answer:** ________________

(v) 'स्वर्ग बना सकते हैं' कविता किस प्रसिद्ध कवि की रचना है? [1]

(a) सोहन लाल द्विवेदी

(b) रामधारीसिंह 'दिनकर'

(c) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(d) सुभद्रा कुमारी चौहान

**Answer:** ________________

(vi) मनुष्य को बाधा रहित विकास के लिए किस बात की आवश्यकता होती है? 'स्वर्ग बना सकते हैं' कविता के आधार पर बताइए: [1]

(a) कर्त्तव्य विमुख जीवन

(b) आशंकाओ से मुक्त जीवन

(c) मुक्त बाधाओं का जीवन

(d) मुक्त प्रकाश का जीवन

**Answer:** ________________

(vii) रामधारी सिंह दिनकर जी को ज्ञानपीठ पुरस्कार उनकी किस रचना पर मिला था? [1]

(a) उर्वशी

(b) हुकार

(c) रेणुका

(d) कुरूक्षेत्र

**Answer:** ________________

(viii) 'वह जन्मभूमि मेरी' कविता में 'अमराइयाँ' शब्द का क्या अर्थ है? [1]

(a) आम का पौधा

(b) आम के बगीचे

(c) आम की गुठलियाँ

(d) अंगड़ाइयाँ

**Answer:** ________________



Scanned by CamScanner

[1]

(ix) हमारे देश में पहाड़ियों से गिरते झरने किस बात प्रतीक हैं ?

(a) नदियों का

(b) चलते रहने का

(c) प्राकृतिक सौंदर्य का

(d) गिरते रहने का

**Answer:** ________________

[1]

(x) त्रिवेणी में किन-किन नदियों का संगम होता है ?

(a) गंगा, यमुना और सतलुज

(b) गंगा, यमुना और गोदावरी

(c) गंगा, यमुना और सरस्वती

(d) गंगा, यमुना और झेलम

**Answer:** ________________

## नया रास्ता (उपन्यास)

**(Naya Raasta-Sushma Agarwal)**

**Question 5**

(i) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास में सेठ धनीमल की पुत्री से रिश्ता करने के लिए सबसे अधिक उतावलापन कौन दिखा रहा था? [1]

(a) अमित की माँ

(b) अमित के पिता

(c) अमित की मौसी

(d) अमित की बहन

**Answer:** ________________

(ii) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास की मुख्य पात्र ' मीनू ' बचपन से ही क्या बनना चाहती थी? [1]

(a) इंजीनियर

(b) चिकित्सक

(c) वकील

(d) लेखिका

**Answer:** ________________

Scanned by CamScanner

(iii) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास में सरिता को देखने जाने वाले लोगों में निम्नलिखित में से कौन नहीं था? [1]

(a) मायाराम जी

(b) अमित

(c) अमित की माँ

(d) नीलिमा

**Answer:** ________________

(iv) धनीमल जी अपने साथ किस फल की पेटी लेकर अमित के घर आए? [1]

(a) आम

(b) कश्मीरी सेब

(c) अंगूर

(d) संतरा

**Answer:** ________________

(v) सेठ धनीमल अपनी पुत्री को शादी में क्या देना चाहते थे? [1]

(a) तीन लाख का एक फ्लैट

(b) तीन लाख की एक गाड़ी

(c) तीन लाख का जेवर

(d) तीन लाख नकद

**Answer:** ________________

(vi) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास के पात्र मायाराम जी कहाँ के निवासी हैं? [1]

(a) मीरजापुर

(b) मेरठ

(c) हरियाणा

(d) दिल्ली

**Answer:** ________________

(vii) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास में मायाराम जी की पत्नी को क्या युक्ति सूझी? [1]

(a) अमित का विवाह मीनू से करवाने की

(b) अमित का विवाह नीलिमा से करवाने की

(c) अमित का विवाह आशा से करवाने की

(d) अमित का विवाह न करवाने की

**Answer:** ________________



Scanned by CamScanner

(viii) ________ की बातों में मीनू के प्रति विशेष स्नेह दिख रहा था किन्तु मीनू ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखाई। रिक्त स्थान के लिए निम्नलिखित में से उचित विकल्प चुनें : [1]

(a) अमित

(b) अशोक

(c) नीलिमा

(d) मायाराम

**Answer:** ________

(ix) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास के पात्र अमित की बहन का नाम क्या है? [1]

(a) नीलिमा

(b) मधु

(c) सरिता

(d) आशा

**Answer:** ________

(x) 'नया रास्ता' नामक उपन्यास समाज में फैली किस समस्या पर आधारित है? [1]

(a) विधवा-विवाह की समस्या

(b) अनमेल विवाह की समस्या

(c) दहेज प्रथा की समस्या

(d) अशिक्षा की समस्या

**Answer:** ________

## एकांकी संचय (नाटक)

**(Ekanki Sanchay)**

**Question 6**

(i) 'संस्कार और भावना' नामक एकांकी किस समस्या पर आधारित है? [1]

(a) दहेज-प्रथा पर

(b) बाल विवाह पर

(c) अंतर्जातीय विवाह पर

(d) घरेलू हिंसा पर

**Answer:** ________



Scanned by CamScanner

(ii) 'संस्कार और भावना' नामक एकांकी में माँ को किसके घर से और किसके द्वारा बड़े पुत्र की बीमारी का पता चला? [1]

(a) स्वयं के घर में अतुल द्वारा

(b) कुमार के घर में मिसरानी द्वारा

(c) स्वयं के घर में उमा द्वारा

(d) मिश्रा जी के घर में मिसरानी द्वारा

**Answer:** ______________

(iii) 'संस्कार और भावना' नामक एकांकी में अविनाश ने 'संतान का लालन-पालन करना' कौन सा कर्त्तव्य बताया है? [1]

(a) सामाजिक कर्त्तव्य

(b) मौलिक कर्त्तव्य

(c) पारिवारिक कर्त्तव्य

(d) नैतिक कर्त्तव्य

**Answer:** ______________

(iv) 'बहू की विदा' नामक एकांकी में राजेश्वरी को ऐसा क्यों लगा कि प्रमोद झूठ बोल रहा है? [1]

(a) प्रमोद के हाव-भाव से

(b) अपने पति के स्वभाव की जानकारी होने से

(c) भाई-बहन की बातों से

(d) कमला के बोलने से

**Answer:** ______________

(v) 'बहू की विदा' नामक एकांकी में जीवनलाल के दु:ख का कारण क्या था? [1]

(a) बेटे की ससुराल के ताने सुनना

(b) बेटे की ससुराल से दहेज कम मिलना

(c) बेटे की ससुराल से बहुत सारे रिश्तेदारों का आना

(d) बेटे-बहु द्वारा उनका (जीवनलाल) कहना न मानना

**Answer:** ______________

(vi) 'अगर हर बेटे वाला यह याद रखे कि वह बेटी वाला भी है तो सब उलझनें सुलझ जाएँ ' कथन के वक्ता और श्रोता कौन हैं? [1]

(a) जीवनलाल (वक्ता) और राजेश्वरी (श्रोता)

(b) राजेश्वरी (वक्ता) और जीवनलाल (श्रोता)

(c) प्रमोद (वक्ता) और कमला(श्रोता)

(d) रमेश (वक्ता) और गौरी(श्रोता)

**Answer:** ______________



Scanned by CamScanner

(vii) 'मातृभूमि का मान' नामक एकांकी किस प्रकार की रचना है? [1]

(a) ऐतिहासिक

(b) पारिवारिक

(c) पौराणिक

(d) हास्य-व्यंग्य प्रधान

**Answer:** ______________

(viii) 'मातृभूमि का मान' नामक एकांकी में राव हेमू कहाँ का शासक था? [1]

(a) मेवाड़

(b) माल्वा

(c) बूँदी

(d) चित्तौड़

**Answer:** ______________

(ix) महाराणा लाखा और राव हेमू के बीच युद्ध किस मैदान में हुआ था? [1]

(a) हल्दीघाटी

(b) नीमरा

(c) कुरुक्षेत्र

(d) पानीपत

**Answer:** ______________

(x) 'अपमान की वेदना में जो विवेकहीन प्रतिज्ञा कर डाली थी, उससे तो छुटकारा मिल ही जाएगा।' - महाराणा की इस प्रतिज्ञा को पूरी करवाने के लिए क्या प्रबंध किया गया था? [1]

(a) बूँदी के राजा की मूर्ति तैयार करवाई गई।

(b) बूँदी के सेनापति की मूर्ति तैयार करवाई गई।

(c) बूँदी का नकली दुर्ग तैयार करवाया गया।

(d) बूँदी का नकली मंदिर तैयार करवाया गया।

**Answer:** ______________

Scanned by CamScanner